दिन–रविवार दिनांक– 15 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

अहमदाबाद विमान हादसे के इकतीस पीड़ितों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है। अब तक कुल बारह शव मृतकों के परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि जिन लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है, उनके शव उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, एक पुलिसकर्मी और एक पेशेवर परामर्शदाता शामिल हैं।

————————————————————————

बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र मांझी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहे वीडियो के सामने आने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने यह नोटिस जारी किया है। श्री मांझी ने कहा कि शुक्रवार को यह नोटिस जारी किया गया है। श्री प्रसाद को पन्द्रह दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो काफी अपमान जनक लग रहा है। इससे पहले सत्तारुढ भाजपा ने भी वीडियो आने पर राजद अध्यक्ष की आलोचना की थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इधर, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने इस प्रकरण को लालू प्रसाद को बदनाम करने की साजिश बताया है।

————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष होंगे। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी के रुप में श्री मंडल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज नामांकन पत्र की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि भी आज ही है। यदि नामांकन सही पाया गया तो उन्नीस जून को विधिवत रूप से मंगनी लाल मंडल को प्रदेश उपाध्यक्ष घोषित किया जाएगा। इस बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मंगनी लाल मंडल की पहचान एक समाजवादी नेता के रूप में रही है और उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

———————————————————————

प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। गोपालगंज, सुपौल, फारबिसगंज, पूर्णिया और पटना में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज से मौसम में बदलाव के आसार हैं। विभाग ने कहा है कि राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, मौसम विभाग ने नालंदा और बांका जिले के कुछ भागों में अगले एक से दो घंटों के दौरान मध्यम से भारी वर्षा की संभावना जताई है।

———————————————————————

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

———————————————————————

वैशाली जिला के महुआ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का आज बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेश नीलेश देओरे ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

—————————————————————————————

शेखपुरा के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मिड डे मील योजना में अनियमितता के आरोप में सदर प्रखंड के धर्मपुर मध्य विद्यालय के हेडमास्टर नजमुल होदा को निलंबित कर दिया है।

—————————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोटवा–राजपुर मार्ग पर स्थित बेलवाडीह गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई।

—————————————————————————————

पश्चिम चंपारण में एसएसबी के जवानों ने भारत–नेपाल सीमा के वरदही गांव से बावन करोड़ रूपये मूल्य की चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। समाप्त

—————————————————————————————

समाप्त